प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेशभर में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है होली का त्योहार : अयोध्या, मथुरा और वाराणसी में रंगोत्सव की विशेष धूम।
2. गोरक्ष पीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में हुए शामिल : कहा– जीवन में मर्यादा, भक्ति और समरसता है सनातन धर्म की ताकत ।
3. मुख्यमंत्री ने कहा– एक भारत–श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने के लिये प्राण प्रण से जुटना सभी की जिम्मेदारी।

और

4. भारतीय विमानन कम्पनियां खाड़ी क्षेत्र में फंसे यात्रियों को वापस लाने के लिए आज 58 उड़ान कर रही हैं संचालित।

———————————

प्रदेशभर में रंगोत्सव–होली पारम्परिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनायी जा रहो है। अयोध्या, मथुरा, चित्रकूट, काशी और लखनऊ सहित राज्यभर में होली की धूम है। पेश है एक रिपोर्ट......

*फाल्गुन की पूर्णिमा के साथ ही पूरा प्रदेश रंगों, अबीर–गुलाल, लोकगीतों, लोकनृत्य और सांस्कृतिक हर्षोल्लास में शराबोर है। ग्रामीण*

*इलाकों से लेकर शहरों की सड़कों तक होली न सिर्फ रंगों का जश्न, बल्कि सामाजिक सौहार्द, आस्था और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत मिसाल पेश कर रहा है। विभिन्न जिलों में अलग–अलग परम्पराओं और लोक संस्कृतियों के साथ मनाई गई होली में एकबार फिर गंगा–जमुनी तहजीब को प्रभावी ढंग से उजागर किया। ब्रज की भक्ति, काशी की मस्ती, पूर्वांचल की लोकधुनों और अवध की तहजीब में प्रदेश को रंगों के ऐसे सूत्र में बांधा है, जहां विविधता ही सबसे बड़ी पहचान बनकर उभरी है। राज्य में रंगोत्सव और उससे जुड़े हुए सभी आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। समाचार कक्ष से फजल इनाम।*

राम नगरी अयोध्या में होली का विशेष उल्लास है और हर तरफ निराली छटा बिखरी हुई है। एक रिपोर्ट.......

*अयोध्या इस होली पर खूब इठलाई, विशेष आकर्षण का केंद्र भगवान राम लला रहे,जिनका भक्तों ने होली खेलते स्वरूप में दर्शन किया सुबह रामलला को श्रंगार के बाद गुलाल लगाने के साथ ही पिचकारी धारण कराई गई, रामलला के दरबार में संगीत की महफिल जमीं और तुलसीदास के रचित बसंत के गीतों की धुन पर पुजारी जमकर थिरके अयोध्या के 10000 मंदिरों में भी यही दृश्य रहा,जहां मंत्रोच्चारण के साथ विग्रहों को नए वस्त्र धारण कराकर विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया और फिर साधु,संत और भक्तों ने अपने आराध्य से फूलों की होली खेली, तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

काशी के घाटों पर विदेशी पर्यटक भी रंगों में शराबोर नजर आये और काशी विश्वनाथ धाम परिसर में फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र रही। एक रिपोर्ट.....

*गंगा घाटों से लेकर काशी विश्वनाथ धाम तक काशीवासियों और बाहर से आए श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली और एक–दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। बाबा विश्वनाथ को गुलाल अर्पित करने के साथ पर्व की विधिवत शुरुआत हुई। धाम परिसर में फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान विदेशी पर्यटकों ने भी काशी का हो ली का लुत्फ*

*लिया  पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। आकाशवाणी समाचार के लिएवराणसी से मनीष सिंह।*

ब्रज क्षेत्र में रंगोंत्सव का आनंद लेने के लिये देश विदेश से हजारो श्रद्धालु पहुंचे हैं। इस दौरान मंदिरों में राधा–कृष्ण भक्ति के साथ रंग और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से.......

*आज समूचे ब्रज मंडल में देश–विदेश से आये लाखो श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली। और माहौल फाग गीतों और रंगों की उमंग से सराबोर रहा।  मथुरा के ग्रामीण इलाकों और शहरी क्षेत्र में होली के आयोजनों का क्रम जारी है। डेम्पियर नगर में आयोजित होली मिलन समारोह में लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। ढोल–नगाड़ों, फाग गीतों और रंग–गुलाल के बीच प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। कल विश्व प्रसिद्ध में बलदेव में बलदाऊ जी मंदिर में हुरंगा होगा यहां देश–विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे है। मो0 उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

ब्रज क्षेत्र के पीलीभीत जिले मं बसे बंगालियों पूर्वांचल वासियों और थारूओं ने अपने–अपने अंदाज में होली मनाई और धमाल टीमों ने होलिका गीत गाकर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। चित्रकूट में भी होली का उत्साह है। इस दौरान रामघाट में मंदाकिनी नदी के तट पर साधू संतों ने धूमधाम से होली मनाई।

वहीं बाराबंकी जिले के देवा शरीफ में विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह हिन्दू–मुस्लिम एकता की जीवंत मिसाल है। दशकों पुरानी परम्परा के

अनुसार यहां आज प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आये हिन्दू–मुस्लिम और सिख भाइयों ने दरगाह परिसर में वारिस अली शाह के मूल संदेश– जो रब है वही राम है कि अवधारणा के मुताबिक एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर प्रेम और समरसता का पैगाम दिया।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आइ0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

गोरक्ष पीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर की पारम्परिक और एतिहासिक भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में शामिल हुए। यह शोभयात्रा हर वर्ष शहर के घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और श्री होलिकोत्सव समिति की तरफ से निकाली जाती है। शोभायात्रा के शुभारम्भ अवसर पर मौजूद जनसभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि मानव

मात्र के जीवन में मर्यादा, जीवंतता भक्ति और समरसता ही सनातन धर्म की ताकत है। बाइट......

*होली का यह पर्व हम भारत में ऐसे समय में आयोजित कर रहे हैं जब पूरी दुनिया में अव्यवस्था है, अशांति है, अराजकता का सा वातावरण है। लेकिन भारत अपने यशस्वी नेतृत्व में आनंद और उत्साह के साथ, उमंग के साथ इस पर्व का आनंद ले रहा है। कहीं कोई भय नहीं, कहीं अराजकता नहीं, कहीं अविश्वास नहीं। हर ओर एक ही भाव है और वह भाव है सत्यमेव जयते का। हर ओर एक ही आवाज गूंज रही है यतो धर्मस्ततो जय। जहां धर्म होगा, वहीं जय होगी, वहीं विजय होगी। जहां सत्य होगा वहीं जय होगी और यह भाव हमारा सनातन वाक्य है। इसकी गूंज सर्वत्र हमें सुनाई दे रही है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने के लिये प्राण प्रण से जुटना सभी की जिम्मेदारी है और इसका निर्वाहन करके ही विकसित भारत बनाया जा सकता है। बाइट.....

*हमें तो भारत को मजबूत बनाने के लिए कार्य करना है। विकसित भारत की संकल्पना के साथ जुड़ना है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के इस भाव को अपने जीवन का हिस्सा बनाना है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को इस बात पर गर्व करना चाहिये कि शाश्वत चेतना और समरसता की अनभूति कराने वाले अनेक प्रमुख विरासत स्थल उत्तर प्रदेश में हैं। श्री योगी ने कहा कि देश और प्रदेश में विरासत के संरक्षण के लिये अनेक कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अगली होली के पहले तक गोरखपुर का भव्य विरासत गलियारा बनकर तैयार हो जायेगा।

———————————

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भारतीय विमान कंपनियों की आज 58 उड़ानें संचालित करने की योजना है। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है इनमें इंडिगो की 30 और एयर इंडिया तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस की 23 उड़ानें शामिल हैं। मौजूदा स्थिति के कारण भारतीय विमानन कंपनियों की एक हजार दो सौ 21 और विदेशी एयर लाइंस की तीन सौ 88 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। यात्रियों को हवाई अड्डे पहुंचने से पहले संबंधित विमानन कंपनी से उड़ान की ताजा स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

————————

नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव को देखते हुए राज्य से सटी भारत–नेपाल की सीमाएं बहत्तर घंटों के लिए सील कर दी गई हैं। नेपाल में कल होने वाले चुनाव से पहले भारत नेपाल की समन्वय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बीच एसएसबी और पुलिस ने सीमा पर गश्त बढ़ा दी है। इस दौरान सिर्फ आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर किसी भी तरह के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चुनाव संपन्न होने के बाद सीमा को सामान्य रूप से फिर से खोल दिया जाएगा।

————————

प्रदेश में इस वर्ष भी पैंतीस करोड़ से अधिक पौधरोपण कराया जाएगा। इसे लेकर शासन स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। पिछले नौ वर्षों में राज्य में दो सौ बयालीस करोड़ से अधिक पौधे रोपे गये इसके चलते प्रदेश का वनाच्छादन पांच सौ उन्सठ वर्ग किलोमीटर बढ़ा है।

—————————

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप का पहला सेमीफाइनल आज शाम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जा रहा है। दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का मुकाबला मुंबई में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।

—————————

राजधानी लखनऊ में गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। आज 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिमी हवाएं चलती रहीं और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया है कि इस हफ्ते के अंत तक गर्मी में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

(समाप्त)